राज्यपाल सचिवालय,
राजभवन, जयपुर

कोरोना से डरे नहीं, सावधानी बरतें

– राज्यपाल

जयपुर, 19 मार्च। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने प्रदेशवासियों से कहा है कि कोरोना से डरें नही, सावधानी बरतें।

राज्यपाल श्री मिश्र ने प्रदेशवासियों के नाम जारी संदेश में कहा है कि '' कोरोना से डरे नही। थोडी सावधानी बरतने की जरूरत है। भीड में न जायें, लोगों के अत्यंत निकट न जायें। जिनको जुकाम, बुखार है, वे दवाई लें और विशेष सतर्क रहें। लोग हाथ न मिलायें। लगातार साबुन से हाथों को धोते रहें। सेनेटाइजर का उपयोग करें। बाहर जायें तो मास्क लगा लें। ''

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा है कि '' इस प्रकार की सावधानी बरतेगें तो मुझे पूरा विश्वास है कि कोरोना जैसी बीमारी को मात देने में हम सक्षम होंगे। ''

राज्यपाल ने कहा है कि '' कोरोना को मात देने के लिए विशेष सावधानी बरतना ही आवश्यक है। सफाई रखने की जरूरत है। गंदगी ना रखे। मुझे पूरा विश्वास है कि कोरोना जैसी बीमारी को हम मात दे सकते हैं। ''

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा है कि '' प्रदेशवासियों से मेरी अपील है कि भीड ना रखें। गंदगी ना रखें और सार्वजनिक वाहनों से यात्रा ना करें। ''

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा,
सहायक निदेशक, जनसम्पर्क,
राज्यपाल, राजस्थान